# झारखण्डअधिविद्य परिषद्, राँची
# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

## वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा, 2024 (सत्र 2022–24) में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के परीक्षा आवेदन प्रपत्र जमा करने एवं डाटा में त्रुटि सुधार से संबंधित आवश्यक दिशा–निर्देश

- वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा, 2024 के लिए ऑनलाइन परीक्षा आवेदन प्रपत्र जमा करने की कार्रवाई परिषद् के वेबसाइट www.jac.jharkhand.gov.in/jac/ के माध्यम से गतिमान है।
- परीक्षा आवेदन प्रपत्र Student Information sheet के रुप में होगा। उक्त प्रपत्र को +2 विद्यालय/महाविद्यालय प्रधान डाउनलोड कर सभी छात्र/छात्राओं को हस्तगत कराना सुनिश्चित करेंगे।
- भरे हुए आवेदन प्रपत्र सभी छात्र/छात्राएँ अपने +2 विद्यालय/महाविद्यालय प्रधान के पास जमा करेंगे।
- पूर्व में परिषद् द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में विद्यालय द्वारा सभी छात्र/छात्राओं के List of students for Registration/Examination (LoS) तैयार किया जायेगा। छात्र/छात्राओं द्वारा उपलब्ध कराये गये भरे हुए Student Information sheet का मिलान तैयार LoS से किया जाय।
- वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा, 2024 के लिए पात्र सभी छात्र/छात्राओं का डाटा विद्यालय के लॉग–इन में डाला गया है।
- परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने वाले सभी छात्र/छात्राओं का डाटा View button पर Click कर देखा जा सकता है। उक्त डाटा का मिलान LoS से कर लिया जाय।
- संबंधित छात्र/छात्राओं के चेकलिस्ट को डाउनलोड करना आवश्यक होगा। चेकलिस्ट का मिलान Student Information sheet एवं LoS से किया जाय। ताकि छात्र के डाटा में किसी प्रकार की त्रुटि की सम्भावना नहीं रहे।
- कतिपय छात्र/छात्राओं या अभिभावकों से ऐसी सूचना मिलती है कि विद्यालय द्वारा चेकलिस्ट पर छात्र/छात्राओं एवं अभिभावकों से हस्ताक्षर नहीं लिया जाता है। यह परिषद् के निदेश की अवहेलना है। छात्र/छात्रा एवं अभिभावक से चेकलिस्ट पर हस्ताक्षर कराने का उद्देश्य संबंधित छात्र का भरा गया डाटा का मिलान करना है। चेकलिस्ट का मिलान नहीं कराने से छात्र/छात्राओं के डाटा में त्रुटि बनी रहती है और उन्हें बाद में सुधार हेतु परिषद् कार्यालय का चक्कर काटना पड़ता है। अतः चेकलिस्ट पर छात्र/छात्राओं एवं उनके अभिभावकों का हस्ताक्षर कराना अतिआवश्यक है। अन्यथा की स्थिति में यथोचित कार्रवाई परिषद् स्तर से की जा सकेगी।
- जिन छात्र/छात्राओं के परीक्षा आवेदन प्रपत्र जमा किया जाना है, उनके नाम के सामने उपलब्ध Check box select कर Submit करेंगे।
- परीक्षा आवेदन प्रपत्र Submit करने के बाद परीक्षा शुल्क बैंक में जमा करने हेतु चालान जेनरेट किया जाएगा। उक्त चालान के माध्यम से बैंक में शुल्क की राशि जमा की जाएगी।
- ऑनलाइन दिए गए छात्रों से संबंधित डाटा में यदि किसी प्रकार की त्रुटि परिलक्षित होती है तो परिषद् द्वारा परीक्षा आवेदन प्रपत्र जमा करने की तिथि समाप्ति के पश्चात् **संशोधन हेतु एक सप्ताह का समय दिया जायेगा।** जिसमें +2 विद्यालय/महाविद्यालय अपने स्तर से संशोधन की कार्रवाई कर सकते हैं।
- संशोधन के लिए सभी छात्र/छात्राएँ परिषद् के वेबसाइट पर अपने–आप को पंजीकृत करेंगे। पंजीकृत किए जाने के पश्चात् छात्र/छात्रा अपना डाटा (नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्मतिथि, विषय, इत्यादि) देख सकते हैं।
- यदि छात्र को इन डाटा में किसी प्रकार की संशोधन की आवश्यकता महसूस होती है तो वह उस प्रपत्र को डाउनलोड करेंगे एवं आवश्यक संशोधन करते हुए अपने +2 विद्यालय/महाविद्यालय प्रधान के पास जमा करेंगे।
- +2 विद्यालय/महाविद्यालय अपने स्तर से संबंधित छात्र के डाटा में साक्ष्य आधारित संशोधन कर सकेंगे।
- संशोधन की कार्रवाई के पश्चात् +2 विद्यालय/महाविद्यालय सभी किए गए संशोधनों की समेकित विवरणी बनायेंगे और छात्र/छात्रा द्वारा जमा किए गए प्रपत्र के साथ 10 दिनों के अन्दर परिषद् कार्यालय में जमा करेंगे।
- संशोधन के लिए निर्धारित अवधि के पश्चात् संशोधन संबंधी किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जा सकेगा।

- <u>परीक्षा आवेदन हेतु शुल्क की विवरणी</u>

| Sl No | Appearing | Candidate Type | Total Fees (Before start of Late Fee) | Total Fees (After start of Late Fee) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | As All Subject | Regular Girls Candidate | 780 | 1,180 |
| 2 | | Private Girls Candidate | 1,030 | 1,430 |
| 3 | | Ex-Regular Girls Candidate (**First Attempt**) | 1,030 | 1,430 |
| 4 | | Ex-Regular Girls Candidate (**Subscequent Attempt**) | 830 | 1,230 |
| 5 | | Re-Registration Girls Candidate | 1,330 | 1,730 |
| | | | | |
| 5 | | Re-Registration Boys Candidate | 1,330 | 1,730 |
| 6 | | Ex-Regular Boys Candidate (**First Attempt**) | 1,030 | 1,430 |
| 7 | | Ex-Regular Boys Candidate (**Subscequent Attempt**) | 830 | 1,230 |
| 8 | | Private Boys Candidate | 1,030 | 1,430 |
| 9 | | Regular Boys Candidate (belonging to General Caste) | 1,030 | 1,430 |
| 10 | | Regular Boys Candidate (belonging to SC / ST / BC-1 / BC-2 Caste) - **Appearing from Permitted Faculty.** | 780 | 1,180 |
| 11 | | Regular Boys Candidate (belonging to SC / ST / BC-1 / BC-2 Caste) - **Appearing from Non-Permitted Faculty.** | 1,030 | 1,430 |
| | | | | |
| 12 | **As Qualifying** | Ex-Regular Girls Candidate & Ex-Regular Boys Candidate **( Regn Session = 2020-2022 or 2019-2021 )** | 980 | 1,380 |
| 13 | | Ex-Regular Girls Candidate & Ex-Regular Boys Candidate **(Regn Session = 2018-2020)** | 1,280 | 1,680 |
| | | | | |
| 14 | **As Betterment/ Improvement** | Ex-Regular Girls Candidate & Ex-Regular Boys Candidate **( Regn Session = 2020-2022 or 2019-2021 )** | 1,300 | 1,700 |
| 15 | | Ex-Regular Girls Candidate & Ex-Regular Boys Candidate **( Regn Session = 2018-2020 )** | 1,600 | 2,000 |
| | | | | |

- <u>ऑनलाइन परीक्षा आवेदन प्रपत्र एवं बैंक में शुल्क संबंधी चालान जमा करने की तिथि का निर्धारण निम्नवत् है:-</u>

| शुल्क विवरणी | ऑनलाइन परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने तथा चालान जेनरेट करने की तिथि | बैंक में चालान के माध्यम से शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| विलम्ब शुल्क रहित | 28.11.2023 से 12.12.2023 तक | 14.12.2023 तक |
| विलम्ब शुल्क सहित | 13.12.2023 से 20.12.2023 तक | 22.12.2023 तक |